गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रस्तुत...

2 दिसम्बर से 8 दिसम्बर 2018

गुरुत्व ज्योतिष

साप्ताहिक ई-पत्रिका

Nonprofit Publications

FREE
E CIRCULAR

गुरुत्व ज्योतिष
साप्ताहिक ई-पत्रिका
2 दिसम्बर से
8 दिसम्बर 2018

संपादक

चिंतन जोशी

संपर्क

गुरुत्व ज्योतिष विभाग

गुरुत्व कार्यालय

92/3. BANK COLONY,
BRAHMESHWAR PATNA,
BHUBNESWAR-751018,
(ODISHA) INDIA

फोन

91+9338213418,
91+9238328785,

ईमेल

gurutva.karyalay@gmail.com,
gurutva_karyalay@yahoo.in,

वेब

www.gurutvakaryalay.com

www.gurutvakaryalay.in

http://gk.yolasite.com/

www.shrigems.com

www.gurutvakaryalay.blogspot.com/

पत्रिका प्रस्तुति

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

फोटो ग्राफिक्स

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

गुरुत्व ज्योतिष साप्ताहिक ई-पत्रिका में लेखन हेतु फ्रीलांस (स्वतंत्र) लेखकों का स्वागत हैं...✍

गुरुत्व ज्योतिष साप्ताहिक ई-पत्रिका में आपके द्वारा लिखे गये मंत्र, यंत्र, तंत्र, ज्योतिष, अंक ज्योतिष, वास्तु, फेंगशुई, टैरों, रेकी एवं अन्य आध्यात्मिक ज्ञान वर्धक लेख को प्रकाशित करने हेतु भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें।

GURUTVA KARYALAY

BHUBNESWAR-751018, (ODISHA) INDIA

Call Us: 91 + 9338213418,
91 + 9238328785

Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in,
gurutva.karyalay@gmail.com

अनुक्रम

स्थायी और अन्य लेख

प्रिय आत्मिय,

बंधु/ बहिन

जय गुरुदेव

इस अंक में हमने हिन्दू संस्कृति के मांगलिक प्रतिक चिन्हों में से एक स्वस्तिक के विषय में विभिन्न जानकारी से पाठको का ज्ञान बढ़ाने का प्रयास किया हैं। स्वस्तिक संस्कृत भाषा का शब्द है। स्वस्तिक का सरल शब्दों में अर्थ शुभ, मंगल एवं कल्याण करने वाला है। स्वस्तिक शब्द मूल रुप से सु + अस से बना है। सु का शाब्दिक अर्थ है शुभ, अच्छा, कल्याणकारी, मंगलकारी। अस का शाब्दिक अर्थ है अस्तित्व, सत्ता। दोनो शब्दों के संयोज से बना हैं, स्वस्तिक अर्थात शुभ, कल्याणकारी या मंगलकारी की सत्ता एवं उसका प्रतिकात्मक रुप। स्वस्तिक व्यावहारिक रुप से हमारी पूर्णतः कल्याणकारी भावना को दर्शाता है। धर्मशास्त्रों में स्वस्तिक को देवी-देवता की शक्ति के प्रतीक रुप में शुभ एवं कल्याणकारी माना गया है। हिन्दू धर्म शास्त्रों में स्वस्तिक का वर्णन आशीर्वाद युक्त, मंगलकारी या पुण्यकारी के रुप में किया गया लिखा है, स्वस्तिक के प्रतिक चिन्ह में सभी दिशाओं में सकल लोक का कल्याण अर्थात सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की भावना समाहित हैं।

स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा: स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदा:।

स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

अर्थात: महान कीर्ति वाले इन्द्रदेव हमारा कल्याण करो, विश्व के ज्ञानस्वरूप पूषादेव (सूर्यदेव) हमारा कल्याण करो। जिसका शस्त्र अटूट है ऐसे गरूड़ भगवान हमारा मंगल करो। बृहस्पतिदेव हमारा मंगल करो।

हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व उक्त मंत्र को निर्मित किया था। समग्र ब्रहमांड में व्याप्त ब्रहम के विराट स्वरुप को संक्षिप्त में अंकित करने का भावार्थ स्वस्तिक में निहित है, स्वस्तिक की खड़ी और आड़ी रेखा स्पष्ट रूप से यह बात को दर्शाती हैं। स्वस्तिक की खड़ी रेखा ज्योतिर्लिंग को और आड़ी रेखा विश्व का विस्तार दर्शाती है। स्वस्तिक की चार भुजाएँ भगवान विष्णु के चार हाथ को दर्शाते है, जो चारों दिशाओं का पालन करते है। स्वस्तिक हिन्दू धर्म में अति प्राचीन प्रतीक है। जो देवताओं की शक्ति एवं मनुष्य की मंगलमय कामनाएँ दोनों कें संयोजन को दर्शाता है। स्वस्तिक मनुष्य के लिए सर्वांगी मंगलमय भावना का प्रतीक है।

हमने आधुनिक युग में नई खोज-अनुसंधान व अनुभवों के आधार पर विद्वानों के अनुभव को संकलित करने का प्रयास किया हैं, जिस्से उचित परामर्श से विभिन्न पदर्थ से स्वस्तिक का निर्माण करने पर सरलता से विभिन्न लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। स्वस्तिक के उचित प्रयोग से आप भी धनवृद्धि, सुख-शान्ति, उच्च पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, कार्य में सफलता, स्वास्थ्य लाभ, वास्तुदोष निवारण, गृहक्लेश निवारण, शत्रु भय से रक्षण कर सकते है।

इस साप्ताहिक ई-पत्रिका में संबंधित जानकारीयों के विषय में साधक एवं विद्वान पाठको से अनुरोध हैं, यदि दर्शाये गए मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना एवं उपायों या अन्य जानकारी के लाभ, प्रभाव इत्यादी के संकलन, प्रमाण पढ़ने, संपादन में, डिजाईन में, टाईपींग में, प्रिंटिंग में, प्रकाशन में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसे स्वयं सुधार लें या किसी योग्य ज्योतिषी, गुरु या विद्वान से सलाह विमर्श कर ले । क्योकि विद्वान ज्योतिषी, गुरुजनो एवं साधको के निजी अनुभव विभिन्न मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना, उपाय के प्रभावों का वर्णन करने में भेद होने पर कामना सिद्धि हेतु कि जाने वाली वाली पूजन विधि एवं उसके प्रभावों में भिन्नता संभव हैं।

आपका जीवन सुखमय, मंगलमय हो परमात्मा की कृपा

आपके परिवार पर बनी रहे। परमात्मा से यही प्राथना हैं…

चिंतन जोशी

***** साप्ताहिक ई-पत्रिका से संबंधित सूचना *****

- ई-पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख गुरुत्व कार्यालय के अधिकारों के साथ ही आरक्षित हैं।
- ई-पत्रिका में वर्णित लेखों को नास्तिक/अविश्वासु व्यक्ति मात्र पठन सामग्री समझ सकते हैं।
- ई-पत्रिका के लेख आध्यात्म से संबंधित होने के कारण भारतिय धर्म शास्त्रों से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया गया हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी विषयो कि सत्यता अथवा प्रामाणिकता पर किसी भी प्रकार की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक कि नहीं हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित जानकारीकी प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं और ना हीं प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी के बारे में जानकारी देने हेतु कार्यालय या संपादक किसी भी प्रकार से बाध्य हैं।
- ई-पत्रिका से संबंधित लेखो में पाठक का अपना विश्वास होना आवश्यक हैं। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार से इन विषयो में विश्वास करने ना करने का अंतिम निर्णय स्वयं का होगा।
- ई-पत्रिका से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।
- ई-पत्रिका से संबंधित लेख हमारे वर्षो के अनुभव एवं अनुशंधान के आधार पर दिए गये हैं। हम किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रयोग किये जाने वाले धार्मिक, एवं मंत्र- यंत्र या अन्य प्रयोग या उपायोकी जिन्मेदारी नहिं लेते हैं। यह जिन्मेदारी मंत्र- यंत्र या अन्य उपायोको करने वाले व्यक्ति कि स्वयं कि होगी।
- क्योकि इन विषयो में नैतिक मानदंडों, सामाजिक, कानूनी नियमों के खिलाफ कोई व्यक्ति यदि नीजी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रयोग कर्ता हैं अथवा प्रयोग के करने मे त्रुटि होने पर प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
- ई-पत्रिका से संबंधित जानकारी को माननने से प्राप्त होने वाले लाभ, लाभ की हानी या हानी की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं।
- हमारे द्वारा पोस्ट किये गये सभी जानकारी एवं मंत्र-यंत्र या उपाय हमने सैकडोबार स्वयं पर एवं अन्य हमारे बंधुगण पर प्रयोग किये हैं जिस्से हमे हर प्रयोग या कवच, मंत्र-यंत्र या उपायो द्वारा निश्चित सफलता प्राप्त हुई हैं।
- ई-पत्रिका में गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रकाशित सभी उत्पादों को केवल पाठको की जानकारी हेतु दिया गया हैं, कार्यालय किसी भी पाठक को इन उत्पादों का क्रय करने हेतु किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं करता हैं। पाठक इन उत्पादों को कहीं से भी क्रय करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

(सभी विवादो केलिये केवल भुवनेश्वर न्यायालय ही मान्य होगा।)

स्वस्तिक का धार्मिक महत्व

संकलन गुरुत्व कार्यालय

स्वस्तिक संस्कृत भाषा का शब्द है।

स्वस्तिक का सरल शब्दों में अर्थ शुभ, मंगल एवं कल्याण करने वाला है। स्वस्तिक शब्द मूल रुप से सु + अस से बना है।

सु का शाब्दिक अर्थ है शुभ, अच्छा, कल्याणकारी, मंगलकारी। अस का शाब्दिक अर्थ है अस्तित्व, सत्ता।

दोनो शब्दों के संयोज से बना हैं, स्वस्तिक अर्थात शुभ, कल्याणकारी या मंगलकारी की सत्ता एवं उसका प्रतिकात्मक रुप।

स्वस्तिक व्यावहारिक रुप से हमारी पूर्णतः कल्याणकारी भावना को दर्शाता है। धर्मशास्त्रों में स्वस्तिक को देवी-देवता की शक्ति के प्रतीक रुप में शुभ एवं कल्याणकारी माना गया है। हिन्दू धर्म शास्त्रों में स्वस्तिक का वर्णन आशीर्वाद युक्त, मंगलकारी या पुण्यकारी के रुप में किया गया लिखा है, स्वस्तिक के प्रतिक चिन्ह में सभी दिशाओं में सकल लोक का कल्याण अर्थात सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की भावना समाहित हैं।

मंगलकारी प्रतीक स्वस्तिक हिन्दू धर्म के अत्यंत पवित्र एवं शुभ धार्मिक प्रतीक चिन्हों में से एक है। अभी तक प्राप्त प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से विभिन्न प्रमाणों से यह सिद्ध होता हैं, पुरातन काल से ही हिन्दू संस्कृति के अलावा अन्य अनेक संस्कृति में भी स्वस्तिक अत्याधिक महत्वपूर्ण रहा हैं।स्वस्तिक का चिन्ह अपने आप में विलक्षण है, जो सृष्टि के अनेक गृढ़ रहस्यों से युक्त है।

विद्वानों का मत हैं की पौराणिक काल में हिन्दू संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य या मंगल कार्य को आरंभ करने से पूर्व मंगलाचरण लिखने की परंपरा प्रचलित थी। लेकिन कालांतर में विद्वान ऋषि-मुनियों ने अनुभव किया की हर व्यक्ति के लिए किसी शुभ कार्य अथवा मांगलिक कार्य के आरंभ में विधि-विधान से मंगलाचरण लिखना सम्भव नहीं हैं, तब गहन चिंतन-अध्ययन से संभवत् शुभकार्यों का शुभारंभ सरलता से करने के उद्देश्य से स्वस्तिक चिन्ह का आविष्कार किया होगा!

पौराणिक धर्मग्रंथों के अनुसार हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने हज़ारों वर्ष पूर्व ही स्वस्तिक की आकृति को निर्मित कर, उसमें छुपे गृढ़ रहस्यों को ज्ञात कर लिया था।

मुख्यतः स्वस्तिक का निर्माण छह रेखाओं से होता है। स्वस्तिक बनाने के लिए धन (+) चिन्ह अर्थात दो सीधी रेखाएँ रेखाएं जो एक दूसरी को काटती हैं, उसकी चारों भुजाओं के कोने से समकोण बनाने वाली एक रेखा दाहिनी (दक्षिणवर्ती) ओर खींचने से स्वस्तिक बनता है। दक्षिणवर्ती में रेखाएँ हमारे दायीं ओर मुड़ती (दक्षिणवर्त्ती / घडी की सूई चलने की दिशा) हो, उसे दक्षिणावर्त स्वस्तिक कहते हैं। वामावर्त्ती में रेखाएँ पीछे की ओर मुड़ती हुई हमारी बायीं ओर (वामावर्त्ती/घडी की सूई चलने की दिशा से उलटी) हो, उसे वामावर्त स्वस्तिक कहते हैं। दक्षिणवर्त्ती एव वामावर्त्ती स्वस्तिक स्त्री एवं पुरुष के प्रतीक के रूप में माना जाता हैं।

हिन्दू संस्कृति में स्वस्तिक प्रबल रुप से दक्षिणवर्त्ती ही प्रयुक्त रहा हैं। क्योकिं, दायीं ओर मुडी भुजा वाला स्वस्तिक शुभ एवं सौभाग्यवर्द्धक हैं, लेकिन कुछ अपवाद अथवा विशेष परीस्थिति या विशेष संस्कृति या परंपराओं में वामावर्त्ती अर्थात उल्टा स्वस्तिक भी प्रयुक्त होता रहा है। लेकिन, जानकारों का

मत हैं की उल्टा स्वस्तिक (वामावर्ती) विशेष शुभकारी नहीं होता, अपितु यह अमांगलिक, हानिकारक हो सकता हैं। अतः एसे स्वस्तिक का चित्रांकन केवल विशेष परिस्थियों में अल्प समय के लिए हि करना चाहिए हैं।^

^(नोटः हालाकिं इसमें अनेक मत-मतांतर रहें हैं, क्योकिं कुछ संप्रदाय या संस्कृतिमें उल्टा स्वस्तिक (वामावर्ती) भी शुभकारी माना जाता रहा है। इसी लिए विभिन्न संस्कृतियों में सकारात्मक ऊर्जा के स्त्रोत एवं मंगल चिन्हों के रुप में सर्वाधिक प्रतिष्ठा प्राप्त है।)

हिन्दू धर्मग्रंथों में भगवान शिव-शक्ति के रुप में ज्योतिर्लिंग को विश्व की उत्पत्ति का मूल माना है। इस विषय पर विद्वानों का गहन अध्ययन एवं चिंतन रहा हैं की जिस प्रकार दाहिना स्वस्तिक नर का प्रतीक है और बायाँ नारी का प्रतीक हैं। उसी प्रकार स्वस्तिक की खडी रेखा सृष्टि की उत्पत्ति का प्रतीक है और आडी रेखा सृष्टि के विस्तार का प्रतीक है। स्वस्तिक के मध्य बिंदु को भगवान विष्णु का नाभि कमल भी माना जाता है, जहाँ से विश्व की उत्पत्ति मानी गई है। स्वस्तिक में प्रयुक्त होने वाले 4 बिन्दुओ को 4 दिशाओं का प्रतीक माना गया है। कुछ विद्वान इसे 4 वर्णों की एकता का प्रतीक मानते हैं, तो कुछ विद्वान इसे ब्रह्माण्ड का प्रतीक मानते हैं। क्योकि, स्वस्तिक के चारों सिरों पर खींची गयी रेखाएं किसी बिंदु को इसलिए स्पर्श नहीं करतीं, क्योंकि इन्हें ब्रहाण्ड के प्रतीक स्वरूप अन्तहीन दर्शाया गया है।

वेदों में स्वस्तिक के महत्व का उल्लेख विभिन्न अर्थों मिलता है। मुख्यतः भारतीय संस्कृति में स्वस्तिक चिन्ह को गणेश, विष्णु, सूर्य, सृष्टिचक्र तथा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का प्रतीक माना गया है। इसकी आकृति में चार बिंदु इको गौरी, पृथ्वी, (कूर्म) कछुआ और अनन्त देवताओं का वास माना जाता है। कुछ विद्वानों ने स्वस्तिक को भगवान श्रीविष्णु का सुदर्शन चक्र का स्वरुप माना है। जिसमें मनुष्य की शक्ति, प्रगति, प्रेरणा का उद्देश्य निहित है।

ऋग्वेद के अनुसार स्वस्तिक को सूर्य का प्रतीक है, और स्वस्तिक की चार भुजाएं चार दिशाओं को दर्शाती है। सूर्य समस्त इश्वरीय शक्तियों का केंद्र बिंदु है, जो सकल लोक में जीवन दाता माना गया है। स्वस्तिक को सूर्य का स्वरुप मान कर प्रयुक्त करने पर निरंतर शक्ति प्राप्त होती हैं। स्वस्तिक को ऋग्वेद में सूर्य मनोवांछित फलदाता सम्पूर्ण जगत का कल्याण करने वाला और देवताओं को अमरत्व प्रदान करने वाला माना गया है। वायवीय संहिता में स्वस्तिक को ब्रह्मा का ही एक स्वरूप माना है, जो आठ यौगिक आसनों में एक है।

कुछ विद्वान स्वस्तिक की चार भुजाओं को हिन्दू धर्मग्रंथों मे वर्णित चार वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद) का प्रतिक, चार युग (सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग) का प्रतिक, चार आश्रम (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, सन्न्यास) का प्रतिक, चार पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) का प्रतिक, चार वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) की एकता का प्रतीक मानते हैं। इन भुजाओं को ब्रह्मा के चार मुख, चार हाथ और चार वेदों के रूप भी माना जाता है।

जिस प्रकार सभी मांगलिक और शुभ कार्यों में सर्वप्रथम श्री गणेश का पूजन किया जाता है। उसी प्रकार सभी मांगलिक कार्य, शुभ कार्यों इत्यादि में स्वतिस्क के चिन्ह का निर्माण किया जाता है। किसी भी शुभ कार्य-क्रम, व्रत, पर्व, त्योहार, पूजा-अर्चना में घर-दुकान-ऑफिस इत्यादि की दिवारों पर, पूजन की थाली, बाजोट इत्यादि पर हल्दी, कुंकुम से स्वस्तिक का चिन्ह अंकित किया जाता हैं। इस के पीछे का मुख्य उदेश्य हमारे आसपास से नकारात्मक ऊर्जा दूर करना होता है, क्योकि स्वस्तिक को सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, स्वस्तिक का चिन्ह अंकित करने के पीछे अन्य उद्देश्य होता हैं, जिससे अपने आराध्य से यह प्राथना कि जाती हैं, कि हमारे सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो। हमारे घर में सुख-शांति-समृद्धि बनी रहे।

स्वस्तिक का चिन्ह अंकित करना वास्तु के अनुसार भी लाभदायक सिद्ध होता है इसलिए घर-दुकान-ऑफिस इत्यादि के प्रवेश द्वार के उपर या दोनों ओर स्वस्तिक का चिन्ह अंकित किया जाता हैं,

मान्यता हैं कि इससे बुरी नज़र से रक्षा होती हैं और और घर के वातावरण से नकारात्मक उर्जा दूर होती और निरंतर सकारात्मक उर्जा का संचार होता है।

कैश बॉक्स, तिज़ोरी, अलमारी इत्यादि धन रखने के स्थान पर भी स्वस्तिक का चिन्ह अंकित करना अत्यंत शुभ होता हैं, मान्यता हैं की इससे धन की सुरक्षा और वृद्धि होती हैं, और अशुभ शक्ति से रक्षण होता है।

स्वस्तिक को धनकी देवी लक्ष्मी और बुद्धि के देवता गणेश जी का प्रतीक माना जाता है। स्वस्तिक के चिन्ह को चारों दिशाओं के अधिपति देवता क्रमशः अग्नि, इन्द्र, वरुण और सोम के पूजन हेतु एवं अन्य देवी-देवता के आशीर्वाद को प्राप्त करने हेतु प्रयोग किया जाता है। स्वस्तिक का चिन्ह केवल शुभ स्थानों पर ही करना चाहिए, शौचालय जैसे अशुभ स्थान पर बनाने या लगाने से बचना चाहिए, अन्यथा प्रतिकूल परिणाम प्राप्त होते हैं।

अन्य संस्कृति में स्वस्तिक

- स्वस्तिक को ग्रीक में पूर्वकाल में गम्माडिओन (gammadion) गम्माडिओन (tetragammadion) के नाम से जाना जाता था।
- स्वस्तिक को जर्मन में हकेन्क्रुज़ या हकेनक्रेउज़ या हुकड क्रॉस (Hakenkreuz), क्रुमक्रेज़ या क्रुक्ड क्रॉस(Krummkreuz) के नाम से जाना जाता है।
- पुरातन समय से मुख्य रूप से फाईलफॉट (fylfot) में हेराल्ड्री (Heraldry) अर्थात कलात्मक रचनाएं, प्रदर्शन, रक्षक ढाल या हथियार झंडे और प्रतीकात्मकता संबंधित विषयों का अध्ययन करने की विद्या में और वास्तुकला में प्रयुक्त किया जाता था।
- मूल अमेरिकी लोगों के ऐतिहासिक संदर्भ की आयोनोग्राफी में इसे घुमावदार लॉग (Whirling Log) के रुप में पाया गया है, जिसे समृद्धि, उपचार और भाग्य की अधिकता को दर्शाया गया था।
- चीन में स्वस्तिक को एक वान(wàn) के नाम से एक विशेष संकेत के रुप में अपनाया गया है। चीन में स्वास्तिका जैसे प्रतीकों का उल्लेख नियोलिथिक स्क्रिप्ट (Neolithic scripts) में पुरातन काल के धर्म ग्रंथों में वर्णित रहा है। पुरातन काल से ही चीन की लेखन प्रणाली में 卍 और 卐) के बाएं और दाएं हाथ वाले स्वस्तिक का चिन्ह प्रचलित रहा है। चीन, जापान और कोरिया में स्वास्तिका को आमतौर पर पूर्ण सृजन का प्रतिक दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता है, चीन में तांग राजवंश (Tang dynasty) के दौरान, महारानी वू ज़ेटियन (Wu Zetian) ने आदेश जारी किया था कि स्वास्तिका को सूर्य के वैकल्पिक प्रतीक के रूप में भी प्रयोग किया जाएगा।
- जापानी में स्वस्तिक के प्रतीक को मांजी (Manji) कहा जाता है।
- रेने गुएनॉन (Rene Guenon) के अनुसार, स्वास्तिक पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके आसपास की हर चिज घुमनेवाली अर्थात गतिमान हैं लेकिन वह एक केंद्र अर्थात अचल धुरी पर स्थिर होता हैं। जैसा कि यह जीवन का प्रतीक है। ब्रह्मांड के सिद्धांत में यह पूर्ण भगवान के रुप को सजीव करने वाला सर्वोच्च सिद्धांत हैं। स्वस्तिक यह विश्व के निर्माण में ब्रहमांड के सिद्धांत की गतिविधि का प्रतिनिधित्व करता है। रेने गुएनॉन के अनुसार, स्वास्तिका अपने बुनियादी मूल्य में चीनी परंपरा के यिन और यांग प्रतीक का प्रतिक है।

जैन धर्म में स्वस्तिक

- हिन्दू धर्म की तरह ही जैन धर्म में भी स्वस्तिक को अत्यंत मांगलिक प्रतीक माना जाता हैं। क्योकि, स्वस्तिक में मंगलकामना का भाव समाहित होता हैं। विद्वानों का मत हैं की स्वस्तिक की उत्पत्ति ऋग्वेद से भी प्राचीन हैं।

- जैन धर्म में चौबीस तीर्थंकरों के मांगलिक चिन्हों में स्वस्तिक एक विशेष चिह्न है। चौबीस तीर्थंकरों में से सातवें तीर्थंकर भगवान् श्री सुपार्श्वनाथजी का मांगलिक चिह्न स्वस्तिक है। जैन धर्म के 8 मांगलिक मांगलिक चिन्हों में स्वस्तिक एक मांगलिक चिन्ह माना गया हैं।
- जैन धर्म में सभी प्रकार के पूजन-अर्चन आदि में स्वस्तिक का प्रयोग को विशेश रुप से किया जाता हैं।
- जैन धर्म में किसी भी मांगलिक कार्य के शुभारंभ में हलदी, केसर, चंदन, चावल इत्यादि से स्वस्तिक का चिन्ह बनाकर भगवान से अपने मंगल एवं कल्याण की कामना की जाती है।
- प्रायः सभी जैन पवित्र पुस्तकों और मंदिरों में प्रमुख व्रत-पर्व-त्यौहरों में आमतौर पर वेदी/ चौकी पर चावल से स्वास्तिका चिन्ह बनाने के साथ प्रारंभ होता है।
- जैन धर्म में 24 तीर्थंकर के सम्मुख चावल से स्वास्तिका बना के उस पर बादाम, फल, एक मीठे बतासे(पतासा) इत्यादि या सिक्के/नोट इत्यादि रख कर अर्पण किया जाता है।
- जैन धर्म में स्वास्तिक की चार भुजाएं चार स्थानों का प्रतीक मानी हैं, जो आत्मा जन्म और मृत्यु के चक्र से पुनर्जन्म ले सकती है, उस आत्मा के मोक्ष प्राप्ति के पहले जन्म और मृत्यु के चक्र को समाप्त कर उससे सर्वज्ञता प्राप्त की जा सकती हैं।

बौद्ध धर्म में स्वस्तिक

- बौद्ध धर्म में भी स्वस्तिक चिह्न अत्याधिक शुभ माना जाता है। भगवान् बुद्ध के मांगलिक चिन्ह में स्वस्तिक का विशेष महत्त्व है। बौद्ध स्तूपों-विहारों इत्यादि धार्मिक स्थलों पर स्वस्तिक का चिन्ह विशेष रुप से मिलता है।
- बौद्ध धर्म में, स्वास्तिका को बुद्ध के शुभ पैरों के निशान का प्रतीक माना जाता है। स्वास्तिक का आकार बौद्ध धर्म के मुख्य सिद्धांत में वर्णित शाश्वत चक्र का प्रतीक है। स्वास्तिक का प्रतीक बौद्ध धर्म में हिंदू धर्म के समान ही तंत्र की गूढ़ परंपराओं में विशेष रुप से पाया जाता है, जहां यह चक्र के सिद्धांतों और अन्य ध्यान सहायक उपकरण के साथ पाया जाता है।

इनके अलावा अन्य देशों की संस्कृति में स्वस्तिक को विशेष रुप से शुभ एवं पवित्र माना गया हैं।

स्वस्तिक के विभिन्न लाभ

आज आधुनिक युग में नई खोज-अनुसंधान व अनुभवों के आधार पर विद्वानों का अनुभव हैं, कि उचित परामर्श से विभिन्न पदर्थ से स्वस्तिक का निर्माण करने पर सरलता से विभिन्न लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। स्वस्तिक के उचित प्रयोग से आप भी धनवृद्धि, सुख-शान्ति, उच्च पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, कार्य में सफलता, स्वास्थ्य लाभ, वास्तुदोष निवारण, गृहक्लेश निवारण, शत्रु भय से रक्षण कर सकते है।

- व्यवसायिक प्रतिष्ठान की उत्तर दिशा में हल्दी से स्वस्तिक अंकित कर उसका पूजन विशेष लाभकारी सिद्ध होता है।
- हल्दी से अंकित किया गया स्वस्तिक शत्रु शमन करता है।
- आम की लकड़ी का स्वस्तिक घर के प्रवेश द्वार पर लगाने से सुख समृद्धि में वृद्धि होती है,
- जिस कोने में वास्तुदोष हो उस कोने में आम की लकड़ी का स्वस्तिक लगाने से वास्तुदोष मे कमी होती है।
- घर के पूजा स्थान में स्वास्तिक बनाने से घर में खुशहाली का आगमन होता है।
- घर के पूजा स्थान में या किसी मंदिर में स्वास्तिक बनाकर उस पर पांच तरह के अनाज रख के शुद्ध घी का दिपक जलाने से वांछित मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है।
- घर के पूजा स्थान में स्वास्तिक बनाकर उस पर इष्टदेव की मूर्ति स्थापित किया जाए तो मनोवांछित इच्छाएं शीघ्र पूर्ण होती है।

- घर के पूजा स्थान में तर्जनी अंगुली (Index Finger) से कुमकुम या सिंदूर से स्वास्तिक बनाकर पूजन करने से अनिद्रा दूर होती है, एवं दुःस्वप्न (बुरे सपने) आने बंद हो जाते हैं।
- विद्वानों के अनुसार चातुर्मास में मंदिर में अष्टदल कमल व स्वस्तिक बनाकर बना कर विधि-वत पूजन करने से स्त्री को अखंड सुहागन रहती है।
- पंच धातु से बने स्वस्तिक को प्रवेश द्वार पर लगा कर उसका पूजन करने से विभिन्न प्रकार के संकटो से रक्षा होती हैं।
- धन लाभ हेतु घर के पूजन स्थान में चांदी का नवरत्न जड़ीत स्वस्तिक स्थपित करना विशेष लाभदायक सिद्ध होता हैं।
- निरंतर धन लाभ हेतु चौखट की एक ओर कुमकुम से स्वस्तिक बनाकर उस पर चावल की ढेरी बनाकर उस पर एक सुपारी रख कलावा बांधकर नियमित पूजन करना लाभप्रद होता।
- धन लाभ के लिये स्वस्तिक से एक विशेष उपाय और किया जाता है। इस में दहलीज के दोनों ओर स्वस्तिक बनाकर उसकी पूजा करें। स्वस्तिक पर चावल की ढेरी बनाकर एक-एक सुपारी पर कलवा बांधकर उसे ढेरी पर रखें इस उपाय से भी धन में लाभ मिलता है।

***

महर्षि वशिष्ठ के दर्शन का फल

संकलन गुरुत्व कार्यालय

माण्डव्य ऋषि वंश में एक विद्वान ब्राह्मण हुए जो सांसारिक जीवन को त्याग सत्य की खोज में निकल पड़े थे। ब्राह्मण सत्य की खोज के लिए अनेक जप-तप, व्रत-पूजन किए जिससे उसका अन्तःकरण शुद्ध हो गया। उसके पूर्व संग्रहित पाप कर्म जल गये। लेकिन पूर्ण संतोष नहीं मिला। तब अपनी खोज मे व्याकुल चित्त से ब्राह्मण जंगल से सत्य की खोज पुनः छोड़कर गाँव की और निकल पड़े चलते-चलते उन्हें एक जगह कुछ घर दिख उन्हों ने सोचा वहां चलकर जलपान करके वृक्ष के नीचे थोड़ा विश्राम करलूंगा ! कुछ ही कदम चले थे की महर्षि वशिष्ठजी ने ब्राह्मण के मन स्थिति भांप उन्हें बीच में ही रोक दिया और कहने लगे

"अरे ब्राह्मण ! तू कहाँ जाते हो ? ब्राह्मण नें उत्तर दिया मे सत्य खी खोज में भटकता फिर रहा हूं, अभी तक असफल रहा हूं, अतः वापस लोट रहा हूं। उसका उत्तर सुन महर्षि वशिष्ठजी बोले तू अंधेरी गुफा का साँप हो जाना, शिला के अन्दर का कीड़ा हो जाना अथवा मरुभूमि का मृग हो जाएं तो अच्छा होगा, लेकिन दुर्बुद्धि मनुष्य का संग करे तो अच्छा नहीं होगा। श्री वशिष्ठजी कहते हैं अरे ब्राह्मण ! तू जिससे मिलने के लिए दौड़ता जा रहा है वे दुर्बुद्धि लोग है। वहँ स्वयं अज्ञान की आग में जल रहे हैं। वे तुझे कैसे सुख दे सकेंगे ?

वशिष्ठ जी आगे कहते हैं,"हे ब्राह्मण ! तुम ज्ञानवानों का संग करना। वशिष्ठजी के वचन सुन ब्राह्मण के मन को खूब शांति मिलती है ।

ब्राह्मण वशिष्ठजी से पूछने लगे "हे भगवन्! आपके वचन एवं दर्शन से मेरे चित्त को शांति मिली है और भीतर में प्रसन्नता फैल गई है। लेकिन आपको देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि आपकी शरणागत में मेरा कल्याण अवश्य होगा । वशिष्ठ जी के दर्शन से पूर्ण संतोष से ब्राह्मण आंतरिक शांति को प्राप्त हुए।

सर्व कार्य सिद्धि कवच

जिस व्यक्ति को लाख प्रयत्न और परिश्रम करने के बादभी उसे मनोवांछित सफलताये एवं किये गये कार्य में सिद्धि (लाभ) प्राप्त नहीं होती, उस व्यक्ति को सर्व कार्य सिद्धि कवच अवश्य धारण करना चाहिये।

कवच के प्रमुख लाभ: सर्व कार्य सिद्धि कवच के द्वारा सुख समृद्धि और **नव ग्रहों** के नकारात्मक प्रभाव को शांत कर धारण करता व्यक्ति के जीवन से सर्व प्रकार के दु:ख-दारिद्र का नाश हो कर सुख-सौभाग्य एवं उन्नति प्राप्ति होकर जीवन मे सभि प्रकार के शुभ कार्य सिद्ध होते हैं। जिसे धारण करने से व्यक्ति यदि व्यवसाय करता होतो कारोबार मे वृद्धि होति हैं और यदि नौकरी करता होतो उसमे उन्नति होती हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **सर्वजन वशीकरण** कवच के मिले होने की वजह से धारण कर्ता की बात का दूसरे व्यक्तिओ पर प्रभाव बना रहता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **अष्ट लक्ष्मी** कवच के मिले होने की वजह से व्यक्ति पर सदा मां महा लक्ष्मी की कृपा एवं आशीर्वाद बना रहता हैं। जिस्से मां लक्ष्मी के अष्ट रुप (१)-आदि लक्ष्मी, (२)-धान्य लक्ष्मी, (३)- धैर्य लक्ष्मी, (४)-गज लक्ष्मी, (५)-संतान लक्ष्मी, (६)-विजय लक्ष्मी, (७)-विद्या लक्ष्मी और (८)-धन लक्ष्मी इन सभी रुपो का अशीर्वाद प्राप्त होता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **तंत्र रक्षा** कवच के मिले होने की वजह से तांत्रिक बाधाए दूर होती हैं, साथ ही नकारात्मक शक्तियो का कोइ कुप्रभाव धारण कर्ता व्यक्ति पर नहीं होता। इस कवच के प्रभाव से इर्षा-द्वेष रखने वाले व्यक्तिओ द्वारा होने वाले दुष्ट प्रभावो से रक्षा होती हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **शत्रु विजय** कवच के मिले होने की वजह से शत्रु से संबंधित समस्त परेशानिओ से स्वतः ही छुटकारा मिल जाता हैं। कवच के प्रभाव से शत्रु धारण कर्ता व्यक्ति का चाहकर कुछ नही बिगाड़ सकते।

अन्य कवच के बारे मे अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपर्क करे:

किसी व्यक्ति विशेष को सर्व कार्य सिद्धि कवच देने नही देना का अंतिम निर्णय हमारे पास सुरक्षित हैं।

भविष्य ज्ञान के लिए रमल प्रश्नावली

संकलन गुरुत्व कार्यालय

विधि: रमल प्रश्नावली से प्रश्न का उत्तर जान ने का तरीका है कि चंदन की लकड़ी का चौकोर पासा बनाकर उस पर 1, 2, 3, 4 अंकित करा लें। फिर अपने संबंधित प्रश्न का चिंतन करते हुए तीन बार पासा छोड़ें। फेके हुवे पासे के उसका जो अंक आये, उसी अंक पर अपने प्रश्न का फल देखें। यदि किसी कारण पासा नहीं हो तो, यहां दर्शायी गई सारणी में अनामिका अंगुली रखकर अपने प्रश्नों का फल जान सकते हैं।

111	131	211	231	311	331	411	431
112	132	212	232	312	332	412	432
113	133	213	233	313	333	413	433
114	134	214	234	314	334	414	434
121	141	221	241	321	341	421	441
122	142	222	242	322	342	422	442
123	143	223	243	323	343	423	443
124	144	224	244	324	344	424	444

111. आपकी मनोकामना शीघ्र पूर्ण होगी।
112. कोई महत्वपूर्ण कार्य करने से पूर्व अपने निर्णय पुर्विचार कर लें।
113. कठिन परिश्रम के बाद गया धन पुनः प्राप्त होगा।
114. पूर्ण विश्वास से सुख की प्राप्ति होगी।
121. अपना चरित्र साफ रखें एवं अनुचित कर्म से बचे।
122. समय शीघ्र बदलने वाला है। इष्ट उपासना करें।
123. किसी निर्णय को लेने से पूर्व अच्छितरह सोच-विचारलें। अन्यथा नुक्शान संभव हैं।
124. प्रतिकूल परिस्थिति में अपना संयम एवं धैर्य बनाये रखे। सफलता जरूर मिलेगी।
131. वास्तविकता में जीवन जीये व अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें।
132. कलकी चिंता छोड़कर वर्तमान में जीने का प्रयास करें।
133. सब्र का फल मीठा होता है। कर्मों का फल अवश्य प्राप्त होगा।
134. सच्चाई और ईमानदारी से अपने भाग्य को उज्जवल बनाये।
141. अपने इष्ट पर भरोसा रखे आपके शुभ दिन जल्द आने वाले है।
142. अच्छे कर्म करें फल भी अच्छा मिलेगा।
143. नीति और रीति से कार्य करें सफलता अवश्य प्राप्त होगी।
144. धन लाभ उत्तम रहेगा, सत्कर्म करते रहें।
211. जल्दबाजी से बचे व किसी महत्वपूर्ण निर्णय पर सोच-विचार कर ही फैसला लें।
212. घर की सुख-समृद्धि बढेगी।

213. घर-परिवार में जल्द मांगलिक कार्य होगें। विधिवत इष्ट आराधना करते रहें।
214. अच्छे कर्म करते रहे जल्द ही आपके भाग्य का सितारा बुलंदियों पर होगा।
221. माता-पिता एवं बडे बुजुर्गोंकी सेवाकरें धन लाभ होगा।
222. जरुरत मंद की सहायता करें। भाग्य उज्जवल होगा।
223. नियमित देवी उपासना करें, औरतों का सम्मान करें सकल कार्य सिद्ध होगा।
224. पूरानी परेशानियों से जल्द छुटकारा मिलने वाला हैं।
231. दृढ़ निश्चिय से अपने कार्य को पूरा करने का प्रयत्न करें सफलता निश्चिन्त मिलेगी।
232. अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें, अन्यथा हानी संभव हैं।
233. इष्ट आराधना करते रहें, आपके सारे कष्ट जल्द दूर हो जायेंगे।
234. प्रियजनो का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।
241. आँख मूंद कर किसी पर भरोंसा मत करें, बडा़ नुक्शान उठाना पडेगा।
242. नकारात्मक विचारों को छोड़ कर सकारात्म सोच अपनाये कार्य सफल होगें।
243. उचित समय पर उचित निर्णय लेने में सक्षम बने अपको सभी प्रकार के सुख-समृद्धि प्राप्त होगी।
244. अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी से करें, सफलता अवश्य मिलेगी।
311. ईश्वर पर भरोसा रखें आपका कार्य सफल होगा।
312. दुर्बुद्धि व दुष्ट विचारधारा वाले लोगों से सावधान रहें, यहं लोग आपका इस्तमाल कर सकते हैं।
313. आपकी इच्छा पूर्ण होगी।
314. जीवन में सकारात्मक द्रष्टि कोण अपनाये अवश्य सफलता मिलेगी।
321. आर्थिक लाभ मिलने की प्रबल संभावना हैं।
322. समय प्रतिकूल हैं, थोडा़ इन्तजार करें।
323. प्रियजनों की भावनाओं का सम्मान करें सफलता मिलेगी।
324. अपनों के बिच में रहकर कार्य करें, सफलता मिलेगी।
331. शत्रु पक्ष से सावधान रहें, आप पर गुप्त वार हो सकता हैं।
332. आपके सभी कार्य शीघ्र पूर्ण होंगे संदेह न करें।
333. समय शुभ हैं महत्वपूर्ण निर्णय से आपको विशेष लाभ की प्राप्ति होगी।

334. एकाग्रचित्त से अपने कार्य को संपन्न करें, अधिक लाभ की प्राप्ति होगी।
341. शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।
342. सफलता की दौड़ में अपनो की अवहेलना न करें, अन्यथा भाग्य साथ छोड देगा।
343. बुराईयोंको दूरकरें व अपनी विचारधारा को शुद्ध रखें।
344. आपको जल्द ही इष्ट कृपा से लाभ की प्राप्ति होगी।
411. आपके भौतिक सुख साधन एवं धन-सम्पत्ति में वृद्धि होगी।
412. आपके उचित व्यवहार से आपके कार्य सिद्ध होगें।
413. किसी भी कार्य में अति आत्मविश्वास अच्छा नहीं हैं इसलिए दोबारा सोच कर निर्णय लें।
414. आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होगी।
421. आपको कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।
422. इस समय किसी कार्य में बड़ जोखिम नहीं उठायें।
423. भाग्य आपके साथ हैं, आपके सभी कार्य सफल होगें।
424. अपने कार्य में लापरवाहीं नहीं रखें, अन्यथा प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
431. किसी कार्य में जल्दबाजी अच्छी नहीं हैं, धैर्य रखें।
432. मौके का फायदा उठाये परिस्थिती अनुकूल हैं।
433. सावधानी से कार्य करें, सफलता मिलेगीं।
434. प्रियजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।
441. शुभ कर्मो का फल जल्द ही मिलने वाला हैं।
442. सतर्क रहकर कार्य करें शत्रुओं पर विजय मिलेगी।
443. शीघ्र ही अच्छा समय आनेवाला हैं।
444. आपका कार्य सफल होगा, अपने इष्ट पर भरोसा रखें।

विभिन्न के प्रकार यन्त्र

संकलन गुरुत्व कार्यालय

यंत्र कई रुपों में निर्मित किय जाते हैं। प्राचीन ग्रंथों में विभिन्न प्रकार के यन्त्रों का उल्लेख मिलते हैं। यहां हम पाठकों के मार्गदर्शन हेतु यन्त्रों की प्रमुख श्रेणीयों का वर्णन कर रहे हैं।

भूपृष्ठ यन्त्र:

समतल आकार वाले यन्त्र अर्थात वह यन्त्र जिनका आधार समलत या धरातल पर हो उसे भूपृष्ठ यन्त्र कहां जाता हैं। यन्त्र क्र इसी समतल आधार पर यन्त्र की रेखाये, वर्ग, बिन्दु, त्रिभुज, चतुर्भुज, कमल दल, अंक, बीज मंत्र आदि को उत्कीर्ण किया जाता हैं। कहने का मतलब हैं की समतल आधार वाले यन्त्र को भूपृष्ठ यन्त्र कहां जाता हैं।

मेरुपृष्ठ यन्त्र:

मेरुपृष्ठ आगार वाले यन्त्र की आकृति मेरु की तरह उपर की ओर क्रमशः उठी हुई होती हैं जो देखने में पर्वताकार दिखती हैं। यंत्र का अंतिम भाग अर्थात शिखर उपर से नुकीला होता हैं, व नीचे का हिस्सा चौड़ा अर्थात फैला हुवा होता हैं, इस प्रकार के यंत्रों में नीचे से उपर का हिस्सा क्रमशः छोटा होता जाता हैं और आखिर में शिखर वाला हिस्सा नुकीला होता हैं। इस तरह के यन्त्रों में रेखाएं उभरी हुई या उत्कीर्ण या खुदी हुई होती हैं।

पाताल यन्त्र:

पाताल यन्त्र को मेरुपृष्ठ यन्त्र से विपरीत निर्मित किया जाता हैं जहां मेरुपृष्ठ यन्त्र में यन्त्र का शिखर होता हैं वहीं पाताल यन्त्र में यन्त्र का मध्य हिस्सा कटोरी के सामान अंदर की और से क्रमशः गहरा होता जाता हैं हैं।

मेरुप्रस्तार यन्त्र:

मेरुप्रस्तार यन्त्र, मेरुपृष्ठ यन्त्र के समान होता हैं, लेकिन मेरुपृष्ठ यन्त्र में रेखांकन की क्रिया को उभारकर या उत्कीर्ण करके पूर्ण की जाती हैं, वहीं मेरुप्रस्तार यन्त्र में रेखांकन यन्त्राकार होता हैं। इस तरह के यन्त्र को देखने पर लगता हैं की संपूर्ण यन्त्र को टुकड़ों में काटकर एक-दूसरे पर आश्रित किया गया है।

कूर्मपृष्ठ यन्त्र:

कूर्मपृष्ठ यन्त्र में मेरुपृष्ठ यन्त्र के समान शिखर नहीं होता। यह नीचे से चौकोर और उपर से गोलाई लिये होता हैं। लेकिन इसमें मेरुपृष्ठ यन्त्र के समान शिखर नहीं होता। देखने में यह कछुएं की ऊची

पीठ के समान नझर आता हैं। इस प्रकार के यन्त्र को कूर्मपृष्ठ यन्त्र कहते हैं।

यन्त्रों का वर्गीकरण

1. रेखात्मक यंत्र, 2. आकृतिमूलक यन्त्र

1.रेखात्मक यंत्र

रेखात्मक यंत्र में केवल रेखाओं का प्रयोग किया जाता हैं, जो मुख्यतः त्रिकोण, चतुर्भुज, वक्र, कमलाकार, आयुध, वलय आदि को यथार्थपूर्ण दर्शाया जाता हैं।

2. आकृतिमूलक यन्त्र

आकृतिमूलक यन्त्र में रेखाओं को ज्यामितिक आकार में प्रयोग नहीं करके स्पष्ट रुप से चित्रांकन किया जाता हैं। यन्त्र के निर्माण में कार्य उद्देश्य के अनुशार विभिन्न प्रकार के देव-देवी, मानव, पशु-पक्षि, वृक्ष आदि के स्वरुप का चित्रांकन किया जाता हैं।

रेखात्मक यंत्र के निम्न चार वर्ग होते हैं।

1. बीजमंत्रयुक्त यंत्र ।
2. मंत्रवर्णयुक्त यंत्र ।
3. अंकगर्भित यंत्र ।
4. मिश्र यंत्र ।
5.

बीजमंत्रयुक्त यंत्र:

बीजमंत्रयुक्त यंत्र को किसी देवी-देवता के संक्षिप्त रुप के मन्त्र का प्रयोग किया जाता हैं। अर्थात देवी-देवताओं के शक्तिशाली बीज मंत्रों का प्रयोग किया जाता हैं। जो संबंधित देवी-देवताओं का सक्षिप्त रुप होता हैं अर्थात जिसमें उस देवी-देवता की गुप्त शक्तियां निहित होती हैं। जिससे उस बीज मन्त्र के स्मरण या उच्चारण से ही साधक की समग्र कामनाएं पूर्ण होने लगती हैं। बीजमंत्रयुक्त यंत्र को सर्वाधिक शक्तिशाली यन्त्र माना जाता हैं।

मंत्रवर्णयुक्त यंत्र:

मंत्रवर्णयुक्त यंत्र में विशेष्ट वर्णों को क्रम में सजाकर मन्त्र को दर्शाया जाता हैं। मंत्रवर्णयुक्त यंत्र में प्रयुक्त वर्णों द्वार ही मन्त्रों का निर्माण किया गया होता हैं इसलिए मंत्रवर्णयुक्त यंत्र में मन्त्र शक्ति विशेष रुप से समाहित होती हैं।

अंकगर्भित यंत्र:

अंकगर्भित यंत्र में अंकात्मक देवताओं का निवास होता हैं। हिन्दू धर्म में एसा माना जाता हैं की प्रत्येक अंक किसी-न-किसी देवता का प्रतिक होता हैं। इसलिए अंकों को देवता के प्रतिनिधि के रुप में विभिन्न उद्देश्य से यन्त्रों के निर्माण के लिए अंकों का प्रयोग किया जाता हैं। इस प्रकार के यन्त्रों को अंकगर्भित यंत्र कहते हैं।

मिश्र यंत्र:

मिश्र यंत्र में उपर दर्शाये गये तीनों श्रेणीयों का प्रयोग एक साथ (अर्थात बीजमंत्रयुक्त यंत्र, मंत्रवर्णयुक्त यंत्र, अंकगर्भित यंत्र) हुवा हो या एक के साथ दूसरी श्रेणी का प्रयोग होने पर उसे मिश्र यंत्र कहते हैं।

शास्त्रों में यंत्र के मुख्य सात प्रकार बताये गय हैं।

शास्त्रों में यन्त्रों का वर्गीकरण उसकी उपयोगिता के आधार पर किया गया हैं। जिसके अनुशार उसके क्रम इस प्रकार हैं..

1. शरीर यन्त्र
2. धारण यन्त्र
3. आसन यन्त्र
4. मण्डल यन्त्र
5. पूजा यन्त्र
6. छत्र यन्त्र
7. दर्शन यन्त्र

प्रश्न कुण्डली से जाने स्वास्थ्य लाभ के योग

संकलन गुरुत्व कार्यालय

सभी व्यक्ति स्वयं के और अपने स्वजनो के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। लेकिन हमारा शरीर में विभिन्न कारणो से स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां समय के साथ-साथ आती-जाती रहती हैं।

लेकिन यदि बिमारी होने पर स्वास्थ्य में जल्दी सुधार नहीं होता तो, तरह-तरह की चिंता और मानसिक तनाव होना साधारण बात हैं। कि स्वास्थ्य में सुधार कब आयेगा?, कब उत्तम स्वास्थ्य लाभ होगा?, स्वास्थ्य लाभ होगा या नहीं?, इत्यादि प्रश्न उठ खडे हो जाते हैं।

मनुष्य की इसी चिंताको दूर करने के लिए हजारो वर्ष पूर्व भारतीय ज्योतिषाचार्यो नें प्रश्न कुंडली के माध्यम से ज्ञात करने की विद्या हमें प्रदान की हैं। जिस के फल स्वरुप किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नो का ज्योतिषी गणनाओं के माध्यम से सरलता से समाधन किया जासकता हैं!

प्रश्न कुंडली के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु सर्व प्रथम प्रश्न कुंडली में रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के योग हैं या नहीं यह देख लेना अति आवश्यक हैं।

आपके मार्गदर्शन हेतु यहां विशेष योग से आपको अवगत करवा रहे हैं।

लग्न में स्थित ग्रह या लग्नेश से रोग मुक्ति के योग।

- यदि लग्न में बलवान ग्रह स्थित हो तो रोगी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देते हैं।
- प्रश्न कुंडली में यदि लग्ने (लग्न का स्वामी ग्रह) और दशमेश (दशम भाव का स्वामी ग्रह) मित्र हो तो रोगी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देते हैं।
- प्रश्न कुंडली में चतुर्थेश (चतुर्थ भाव का स्वामी ग्रह) और सप्तमेश (सप्तम भाव का स्वामी ग्रह) के बीच मित्रता हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के योग बनते हैं।

- यदि लग्नेश (लग्न का स्वामी ग्रह) का चन्द्र के साथ संबंध हो और चन्द्र शुभ ग्रहों से युक्त या द्रष्ट हो या केन्द्र मे स्थित हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होता हैं।
- यदि कुंडली में लग्नेश (लग्न का स्वामी ग्रह) और चन्द्र शुभ ग्रहो से युक्त या द्रष्ट होकर केन्द्र में स्थित हो और सप्तमेश वक्री न हो एवं अष्टम भाव के स्वामी ग्रह से प्रभाव मुक्त हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होता हैं।

चन्द्रमा से रोग मुक्ति के योग

- यदि चन्द्र स्वराशि या उच्च राशि मे बलवान हो कर किसी शुभ ग्रह से युक्त हो या द्रष्ट हो तो रोगी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होते देखा गया हैं।
- यदि प्रश्न कुंडली में यदि चन्द्र चर राशि अर्थात द्विस्वभाव राशि में स्थित हो कर लग्न या लग्नेश से द्रष्ट हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की संभावना प्रबल होती हैं।
- यदि चन्द्र स्वराशि से चतुर्थ या दशम भाव में स्थित हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हो ने के योग बनते हैं।

- प्रश्न कुंडली में शुभ ग्रहो से द्रष्ट चन्द्र या सूर्य लग्न में, चतुर्थ या सप्तम भाव में स्थित हो तो शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के योग बनते हैं।

प्रश्न कुंडली के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ में विलम्ब होने के योग देख लेना भी आवश्यक होता हैं।

स्वास्थ्य लाभ में विलंब होने के योग

- सधारणतः जातक में षष्टम भाव व षष्टेश से रोग को देखा जाता हैं।
- प्रश्न कुंडली में यदि लग्नेश और दशमेश के बीच अथवा चतुर्थेश और सप्तमेश ग्रहो के बीच में शत्रुता हो तो रोग बढने की संभावनाऐ अधिक होती हैं और स्वास्थ्य लाभ में विलम्ब हो सकता हैं।
- प्रश्न कुण्डली में यदि षष्ठेश अष्टमेश अथवा द्वादशेश के साथ युति या द्रष्टी संबंध बनाता हो तो स्वास्थ्य लाभ की संभावना अधिक कम होती हैं और स्वास्थ्य लाभ में विलम्ब हो सकता हैं।
- प्रश्न कुण्डली में यदि लग्न मे चन्द्र या शुक्र की स्थित हो तो रोग शीघ्र पीछा नहीं छोडता।
- प्रश्न कुण्डली में यदि लग्नेश एवं मंगल की किसी ही भाव में युति हो तो स्वास्थ्य लाभ में विलम्ब हो सकता हैं।
- यदि लग्नेश द्वादश भाव मे स्थित हो तो रोगी देर से रोगमुक्त होने की संभावनाऐ होती हैं।
- यदि लग्नेश षष्टम, अष्टम भाव मे स्थित हो और अष्टमेश केन्द्र मे स्थित हो तो रोग शीघ्र दूर नहीं होते।

यदि प्रश्न कुंडली में स्वास्थ्य लाभ में विलंब होने के योग बन रहे हो तो चिंतित होने के बजाय शास्त्रोक्त उपाय इत्यादि करना लाभदायक सिद्ध होता हैं। एसी स्थिति में विद्वानो के मत से महामृत्युंजय मंत्र-यंत्र का प्रयोग शीघ्र रोग मुक्ति हेतु रामबाण होता हैं।

प्रश्न कुंडली का अध्ययन करते समय यह योग भी देखले की रोगी को उचित उपयार प्राप्त हो रहा हैं या नहीं।

रोग का उचित उपचार होने के योग हैं या नहीं!

- प्रश्न कुण्डली में प्रथम, पंचम, सप्तम एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों और चन्द्रमा कमज़ोर या पाप ग्रह से पीड़ित हों तो रोग का उपचार कठिन हो जाता हैं।
- यदि चन्द्रमा बलवान हो और 1, 5, 7 एवं 8 भाव में शुभ ग्रह स्थित हों तो उपचार से रोग का दूर होना संभव हो पाता हैं।
- यदि प्रश्न कुंडली में तृतीय, षष्टम, नवम एवं एकादश भाव में शुभ ग्रह स्थित हों तो उपचार के बाद ही रोग से मुक्ति मिलती हैं।
- यदि प्रश्न कुंडली में सप्तम भाव में शुभ ग्रह स्थित हों और सप्तमांश बलवान हों तो रोग का उपचार संभव होता हैं।
- यदि प्रश्न कुंडली में चतुर्थ भाव में शुभ ग्रह स्थित से भी ज्ञात हो सकता है कि रोगी को दवाईयों से उचित लाभ प्राप्त होगा या नहीं।

प्रश्न कुंडली देखते समय शरीर के विभिन्न अंगो पर ग्रहो के प्रभाव एवं बिमारीयों को जानना भी आवश्यक होता हैं।

ज्योतिषी सिद्धांतो के अनुशार कुंडली के बारह भाव शरीर के विभिन्न अंगो को दर्शाते है।

- प्रथम भाव :सिर, मस्तिष्क, स्नायु तंत्र.
- द्वितीय भाव :चेहरा, गला, कंठ, गर्दन, आंख.
- तीसरा भाव : कधे, छाती, फेफडे, श्वास, नसे और बाहें.
- चतुर्थ भाव :स्तन, ऊपरी आन्त्र, ऊपरी पाचन तंत्र
- पंचम भाव :हृदय, रक्त, पीठ, रक्तसंचार तंत्र.
- षष्ठम भाव :निम्न उदर, निम्न पाचन तंत्र, आतें, अंतडियाँ, कमर, यकृत.

- सप्तम भाव :उदरीय गुहिका, गुर्दे.
- अष्टम भाव :गुप्त अंग, स्त्रावी तंत्र, अंतडियां, मलाशय, मूत्राशय और मेरुदण्ड.
- नवम भाव :जॉघें, नितम्ब और धमनी तंत्र.
- दशम भाव :घुटने, हडियां और जोड़.
- एकादश भाव :टागे, टखने और श्वास.
- द्वादश भाव :पैर, लसीका तंत्र और आंखे.

प्रश्न कुण्डली में रोग से संबंधित भाव

- प्रश्न ज्योतिष के अनुसार प्रश्न कुंडली में लग्न स्थान चिकित्सक भाव होता हैं। अतः शुभ ग्रह प्रश्न कुंडली के लग्न में शुभ ग्रह की स्थिति से ज्ञात होता हैं की रोगी को किसी कुशल चिकित्सक की सलाह प्राप्त हो रही हैं या होगी।
- यदि अशुभ ग्रह स्थित हो तो समझले की रोगी को किसी कुशल चिकित्सक की आवश्यकता हैं।
- प्रश्न ज्योतिष के अनुसार प्रश्न कुंडली में चतुर्थ स्थान उपचार और औषधियों अर्थात दवाईयों का स्थान हैं। चतुर्थ भाव में यदि शुभ ग्रह या शुभ ग्रहों की दृष्टि या युति हो तो समझे की रोग सामान्य उपचार से शीघ्र ठीक हो सकता हैं।
- कुंडली में छठा एवं सातवां भाव रोग का स्थान होता हैं।
- कुंडली में दशम भाव रोगी का मानाजाता हैं।
- यदि प्रश्न कुंडली में षष्टम एवं सप्तम भाव पर शुभ ग्रहों का प्रभाव हो और षष्ठेश और सप्तमेश निर्बल हों तो स्वास्थ्य लाभ धीरे धीरे होने का संकेत मिलता हैं।

नोट: प्रश्न कुंडली का विश्लेषण सावधानी से करना उचित रहता हैं। विद्वानो के अनुशार प्रश्न कुंडली का विश्लेषण करते समय संबंधित भाव एवं भाव के स्वामी ग्रह अर्थातः भावेश एवं भाव के कारक ग्रह को

रत्नों का अद्भुत रहस्य

संकलन गुरुत्व कार्यालय

गतांक से आगे...

नीलम

शनि का रत्न नीलम शनि ग्रह के शुभ फलों की प्राप्ति हेतु धारण किया जाता हैं। नीलम को शनि का रत्न माना गया है।

हिन्दी मे :- नीलम, नील मणि,

सस्कृत मे :- नील, महानील, शनिरत्न, शनि प्रिय, नील रत्न, नीलोपान, शोरि रत्न, इन्द्रनील, तृणाशाही आदि नामो से जाना जाता हैं।

फ़ारसी मे :- याकूत, कबूद

अरबी मे :- याकूत-अल-असीर

लेटिन मे :- सेफायरस

अंग्रेजी :- ब्लू सैफायर

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शनि की महादशा या अंतरदशा में शनि के अशुभ प्रभावो को दूर करने के लिए एवं शनि ग्रह के कोप को शांत करने के लिए जानकार ज्योतिषी की सलाह से नीलम धारण करना एक उत्तम उपाय माना जाता हैं।

प्राप्ति स्थान:

भारत में कश्मीर से प्राप्त होने वाले नीलम सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। जो **मयूर नीलम** के नाम से जाने जाते हैं, क्योंकि इस नीलम का रंग मोर की गर्दन के रंग के समान नीला होता हैं। इस के अलावा नीलम का प्राप्ति स्थान मुख्य रूप से श्रीलंका, बर्मा, थाईलैंड, आस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स, अमेरिका, यूरोप, रुस आदि नीलम प्राप्त होते हैं। लेकिन उच्च कोटी के बहुमूल्यवान नीलम श्रीलंका के माने जाते हैं।

नीलम के लाभ

- निलम धारण करने से व्यक्ति को रोग, दोष, दुख-दारिद्रय से मुक्त करदेता हैं।
- निलम धारण करने से व्यक्ति को धन-धान्य, सुख-संपत्ति, बुद्धि, बल, यश, आयु, संपत्ति-संतति की प्राप्ति होती हैं।
- मान्यता के अनुशार नीलम धारण करने से चरित्र स्वच्छ रहता हैं धारण करता में अनैतिकता के गुण जागृत नहीं होते।
- प्रेम में सफलता हेतु नीलम भाग्यवान रत्न माना जाता हैं।
- अनैतिक व पाप कर्मो में लिप्त व्यक्तियों को नीलम विपरीत फल प्रदान करता हैं।
- मन एवं आत्मा की प्रसन्नता हेतु नीलम धारण करना मददगार सिद्ध होता हैं।
- नीलम धारण करने से श्वास, खांसी और पित्त से संबंधित रोगों को शांत करता हैं।

मान्यता:

- गाय के दूध में नीलम डाल दिया जाय तो दूध का रंग नीला हो जाता है।
- कांच के गिलास में पानी भरकर उसमें नीलम रत्न डाल दिया जाय तो पानी से नीले रंग की आभा स्पष्ट निकलती हुई दिखाई देती हैं।
- यदि नीलम को धूप में रखा जाय तो इससे नीले रंग की तीव्र किरणें निकलती दिखाई देती हैं।
- एसी मान्यता हैं की नीलम को विषैले सांप के साथ रखने से सांप मर जाता हैं।
- नीलम धारण करने से भूत-प्रेत आदि आसुरी बाधाओं से छुटकारा मिलता हैं।
- नीलम धारण करने से व्यक्ति भविष्यवाणी करने में समर्थ हो सकता हैं।
- दुष्ट एवं कुकर्म में लिप्त व्यक्ति यदि श्रेष्ठ गुणो वाला नीलम भी धारण करता हैं तो उस नीलम की चमक फिकी हो जाती हैं।

- कुछ विद्वानो का मत हैं की विष प्रभाव को कम करने में नीलम को काफी असरकारक होता हैं।
- चोट या घाव होने पर रक्त प्रवाह रोकने में नीलम सहायक होता हैं।
- नीलम रत्न धारण करने से उसके शुभ-अशुभ प्रभाव कुछ ही घंटों के भीतर प्रकट कर देता हैं।
- नीलम रत्न धारण करने से मुख की कांति तथा नेत्रों की ज्योति में वृद्धि होती हैं।
- नीलम धारण करने के पश्चात रात में बुरे-भयावह स्वप्न दिखाई दें अथवा स्वयं की मुखाकृति में अंतर आ जाय या नेत्र रोग हो जाये अथवा कोई आकस्मिक दुर्घटना, भय, चोरी, रोग या अन्य नुक्शानकारी प्रभाव दिखाई दे तो नीलम को तुरंत उतार देना चाहिए।
- क्रूर कर्म करने वाले व्यक्तियों को हमेशां नीलम धारण करना लाभदायक होता हैं।
- नीलम धारण करने से व्यक्ति में धैर्य व साहस की वृद्धि होती हैं।
- नीलम पहनने से व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ती हैं व धारणकर्ता को अपनी मेहनतका पूर्ण फल प्राप्त होता हैं।

स्वास्थ्य:

नीलम धारण करने से नेत्र रोग, दिमाग की गर्मी, पागलपन, ज्वर, अजीर्ण, उपदंश, खांसी, हिचकी, मुंह से खून आना, उल्टी आदि रोगो में लाभप्राप्त होता हैं।

दोष:

- जिस नीलम में दों से अधिक रंग हो, एसा नीलम धारण करना पत्नी के लिये नुक्शानकारी होता हैं।
- जिस नीलम की चमक फीकी हो, एसा नीलम धारण करने से आत्मिय बंधु/बांधवो का होता हैं।
- जिस नीलम में अन्य रंग के छीटे या धब्बे हो, एसा नीलम धारण करना जीवन में दुःखो से सम्मुखीन करवाता हैं।
